न्यायालय नायब तहसीलदार भियाड़, जिला बाड़मेर

राजस्व प्रकरण मामला संख्या 58 /2024 अन्तर्गत धारा 91 आर.एल.आर. एक्ट 1956

सायल	बनाम	गैर सायल

राजस्थान राज्य
जरिये पटवारी धारवी कला

श्री सदीक खां.... पुत्र भाद्दे खां
कौम मुसलमान निवासी सुटडा का।

"निर्णय" दिनांक— 28.08.2024

पत्रावली आज बमुकाम भियाड मे पेश हुई और गैर सायल उपस्थित । पत्रावली का हमने अवलोकन किया संक्षिप्त में तथ्य इस प्रकार है कि पटवारी हल्का धारवी ने धारा आर.एल.आर. एक्ट 91 के तहत रिपोट प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि गै.सा. ने मौजा सुटडगढ के खसरा नं. 569/100 रकबा 41.2455 हैक्टैयर में से 0.3237 हैक्टेयर किस्म गै.मु. रडी राजकीय भूमि पर अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण /कब्जा किया है। पटवारी हल्का की रिपोट के अनुसार गैर सायल के विरूद्ध धारा 91 आर एल.आर. एक्ट 1956 के तहत मुकदमा दर्ज रजिस्टर कर गैर सायल को जरिये नोटिस से सुनवाई हेतु तलब किया गया। नोटिस तामिल होकर प्राप्त हुआ/और गैर सायल उपस्थित रहा।

अतः गैर सायल को आर.एल.आर एक्ट 1956 की धारा 91 का उल्लंघन करने पर गैर सायल को अतिक्रमी घोषित किया जाकर उक्त विवादग्रस्त भूमि पर से वेदखल करने के आदेश पारित किये जाते है। साथ ही वार्षिक लगान रूपये 0.12 पैसा का गुणा 50 जुर्माना राशि रूपये 12/— पूर्णाक में अक्षरे बारह रूपये मात्र से आरोपित किया जाता है। जो गैर सायल से वसूल हो।

निरीक्षक भू.अ. वृत —को आदेशित किया जाता है कि वह मौके पर अतिकमी से जुर्माना वास्ते अनुमोदनार्थ एवं स्वीकृति हेतु 15 योम में पेश करें।

पटवारी हल्का को आदेशित किया जाता है कि वह गैर सायल को भौतिक रूप से वेदखल कर भूमि का कब्जा बहक सरकार प्राप्त कर पूर्ण पालना आवश्यक रूप से एक माह में पेश करे।

टी.आ.ए. पटवारी हल्का,निरीक्षक भू.अ. आदेश से सूचित हो तथा पत्रावली टी.आर.ए. के पास मांग कायमी हेतु भेजी जावें।

निर्णय दिनांक 28.08..2024 को सरेआम सुनाया गया।

नायब तहसीलदार भियाड

Scanned with OKEN Scanner